Seventeenth Loksabha

>

Ttile: Need for comprehensive measures for waste management and pollution control in Hyderabad, Telangana.

श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी (मल्काजगिरी): अध्यक्ष महोदय, यह समस्या तेलंगाना राज्य, मल्काजगिरी, लोक सभा क्षेत्र, जवाहर नगर डम्पिंग यार्ड से संबंधित है । बीस साल पहले जवाहर नगर डम्पिंग यार्ड 350 एकड़ में बना था, तब यह हैदराबाद शहर से बाहर था । बीस सालों में हैदराबाद बढ़ते-बढ़ते जवाहर नगर तक आ चुका है । इसलिए हैदराबाद के 50 लाख लोग अपना कचरा जवाहर नगर डम्पिंग यार्ड में डाल रहे हैं । ग्रीन ट्रिब्यूनल ने वर्ष 2017 में ग्रेटर हैदराबाद म्यूनिसिपैलिटी को हैदराबाद के कोने-कोने में छोटे-छोटे डम्पिंग यार्ड बनाने के लिए डायरैक्शन दिया है । मगर, आज तक वह काम नहीं हुआ है । इसलिए मैं एनवायर्नमेंट मिनिस्टर से यह कहना चाहता हूं कि इसे रिव्यू करना है । ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश देने के बाद भी जीएचएमसी छोटे-छोटे डम्पिंग यार्ड्स नहीं बना रही है, जिसके कारण वहां पर 14 लेक्स पॉल्यूट हो गए, ग्राउंड वाटर पॉल्यूट हो गया, सड़क ऐक्सिडेंट्स में मरे हुए जानवरों की लाशें भी डम्पिंग यार्ड में डाला जा रहा है और जब बारिश आती है तो उसका पानी आजू-बाजू की लेक्स में जाने के कारण, लेक्स खराब हो गई । इसलिए आप एनवायर्नमेंट मिनिस्टर को उसे रिव्यू करने का आदेश दीजिए ।